मध्यप्रदेश विधान सभा

नवम्बर–दिसम्बर, 1994 सत्र

दैनिक कार्य सूची

मंगलवार, दिनांक 29 नवम्बर, 1994 (अग्रहायण 8, 1916)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथक्तः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. अध्यादेशों का पटल पर रखा जाना

श्री राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल, विधि और विधायी कार्य मंत्री, भारत के संविधान के अनुच्छेद 213 की अपेक्षानुसार निम्नलिखित अध्यादेश पटल पर रखेंगे –

(क) मध्यप्रदेश पंचायत राज (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, 1994 (क्रमांक 4 सन् 1994) ; तथा
(ख) वक्फ (मध्यप्रदेश संशोधन) अध्यादेश, 1994 (क्रमांक 5 सन् 1994)

3. पत्रों का पटल पर रखा जाना

(1) श्री प्रेम नारायण ठाकुर, राज्यमंत्री परिवहन, आर.टी.सी एक्ट, 1950 की धारा 33 की उपधारा (4) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के लेखे वर्ष 1992–93 तथा लेखा परीक्षा प्रतिवेदन पटल पर रखेंगे.

(2) श्री शिव नेताम, राज्यमंत्री सामान्य प्रशासन, मध्यप्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्रमांक 21 सन् 1994) की धारा 20 की अपेक्षानुसार सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ–7–8–94–एक–आ.प्र., दिनांक 13 सितम्बर, 1994 पटल पर रखेंगे.

4. अगस्त–सितम्बर, 1994 सत्र के प्रश्नों के अपूर्ण उत्तरों के पूर्ण उत्तरों का संकलन पटल पर रखा जाना

5. नियम 267–क के अधीन अगस्त–सितम्बर, 1994 सत्र में पढ़ी गई सूचनाओं तथा उनके उत्तरों का संकलन पटल पर रखा जाना

6. राष्ट्रपति/राज्यपाल की अनुमति प्राप्त विधेयकों की सूचना

7. नियम 138 (1) के अधीन ध्यानाकर्षण

(1) डॉ. गोविन्द सिंह, डॉ. रामलखन सिंह, डॉ राजेन्द्र प्रकाश सिंह, सदस्य, भिण्ड जिले के ग्राम उम्रावल में गलत टीकाकरण से चार बच्चों की मृत्यु होने की ओर लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री कंकर मुंजारे, सदस्य, बालाघाट में बंजर नदी परियोजना अधिकारियों द्वारा वित्तीय अनियमिततायें किये जाने की ओर जल संसाधन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

8. सभापति तालिका की घोषणा

9. शासकीय विधि विषयक कार्य

श्री सत्यदेव कटारे, राज्यमंत्री गृह, मध्यप्रदेश सम्पत्ति विरूपण निवारण विधेयक, 1994 (क्रमांक 33 सन् 1994) का पुरःस्थापन करेंगे.

10. प्रतिवेदन पर चर्चा

निर्धारित समय 2 घन्टे 30 मि.

मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल के वार्षिक वित्तीय विवरण वर्ष 1994–95 (भाग 1 व 2) पर चर्चा.

भोपाल :
दिनांक : 28 नवम्बर, 1994

शीला खन्ना
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा